तापमान

अधिकतम 35.8 डिग्री
न्यूनतम 23.9 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 19 जुलाई 2025



10 सांसद जांगड़ा और डीसी ने किया महम के जलभराव ..





11 उपायुक्त ने वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम का किया निरीक्षण




## खबर संक्षेप

### आरडब्ल्यूए सेक्टर 25 के प्रधान डॉ. बलराज को संयोजक बनाया

**रोहतक।** शहर के विभिन्न सेक्टर की आरडब्ल्यूए की बैठक शुक्रवार को सेक्टर 2 के कम्युनिटी सेंटर में हुई। इसमें आरडब्ल्यूए सेक्टर 25 के प्रधान डॉ. बलराज खरब को सभी आरडब्ल्यूए का संयोजक बनाया गया है। मीटिंग में तय किया गया कि संगठन की अगली बैइक 26 जुलाई को शाम पांच बजे सेक्टर के कम्युनिटी सेंटर में होगी। बैठक में सेक्टर दो के प्रधान कृष्णलाल, 5 के अजित मलिक, 14 के सुनहरा काजल, 27 के दयानंद छिक्कारा और सेक्टर 33/34 के प्रधान प्रमेंद्र कादयन मौजूद रहे। मीटिंग की अध्यक्षता सेक्टर 27 के प्रधान दयानंद छिक्कारा ने की।

### एनएच 9 पर हादसे में बाइकर्स की मौत

**महम।** शुक्रवार को बहलबा मोड़ पर हनुमान मंदिर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 9 पर हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि नेशनल हाइवे 9 पर रोड किनारे खड़े एक ट्रक में बाइक सवार की टक्कर हो गई। हाइसे में बाइक सवार को गंभीर चोटे आई। राहगीरों ने तत्काल एंबुलेंस को मौके पर बुलाया और महम के सामान्य अस्पताल भेजा गया। हास्पिटल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीजीआई रोहतक भेज दिया। लेकिन पीजीआई में उपचार के दौरान दोपहर बाद उसने दम तोड़ दिया। हादसे का शिकार हुए युवक की पहचान गांव निंदाना मोहम्मदपुर निवासी सचिन पुत्र जोगेन्दर के रूप में हुई। वह रोहतक में एक निजी वाहन एजेंसी में कार्यरत था और हादसे के वक्त रोहतक जा रहा था। परिजनों ने बताया कि सचिन के पिता की भी मौत हो चुकी है।

### मदवि: सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2025 में आयोजित एमए- इतिहास व संस्कृत के चौथे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर तथा बीएचएमसीटी के छठे व आठवें सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर और बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग की छठे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### मदवि: पुस्तक विमोचन समारोह आज

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का विवेकानंद पुस्तकालय 19 जुलाई को पुस्तक विमोचन समारोह का आयोजन करेगा। विवेकानंद पुस्तकालय के अध्यक्ष डा. सतीश मलिक ने बताया कि इस कार्यक्रम में डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. हरीश कुमार लेखक कृष्ण लाल की पुस्तक- मी एंड माय अनसेड फीलिंग्स तथा डा. श्याम लाल कौशल की पुस्तक- मेरे हीरो मेरे मां बाप का विमोचन करेंगे। यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से विवेकानंद पुस्तकालय कमेटी कक्ष में प्रारंभ होगा।

### अवैध पिस्तौल सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार

**महम।** स्थानीय पुलिस ने अवैध पिस्तौल के साथ एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान संदीप निवासी फरमाना के रूप में हुई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसआई सुरेश व पीएसआई ज्योति के नेतृत्व में टीम बनाकर मुखबिर से मिली सूचना के बाद फरमाना रोड पर बनी पुलिया के पास नाकाबंदी कर रखी थी। फरमाना गांव की ओर से पैदल चले आ रहे युवक को शक के आधार पर पूछताछ करने के लिए रोकना चाहा तो उसने पुलिस को देख कर भागने की कोशिश की।

▶▶ कूड़ा फैलाने पर निगम की टीम अब करेगी चालान ▶▶ चित्रकारी से फैलाएगी जागरूकता

# 18 दिन बाद भी सफाई व्यवस्था काबू नहीं आई तो सड़कों पर उतरे निगमायुक्त और एसडीएम

- रोजाना वार्डों से आ रही शिकायतों ने किया परेशान
- विगत 30 जून को सफाई का टेंडर जारी किया गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते निगम आयुक्त डॉ आनंद शर्मा व एसडीएम आशीष कुमार। फोटो: हरिभूमि

शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर एक बार फिर से नगर निगम पर सवाल खड़े हो गए हैं। तीन माह के लिए सफाई का टेंडर जारी होने के बावजूद भी शहर की गलियों और मुख्य क्षेत्रों में गंदगी का आलम बना हुआ है। निगम के आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा और मेयर रामअवतार वाल्मीकि द्वारा 50 गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, लेकिन निगम के मुख्यालय से मात्र एक किलोमीटर की दूरी पर भी सफाई वाहन समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं।

स्थिति यह है कि नागरिकों को अपने निजी वाहनों में कूड़ा भरकर लाना पड़ रहा है। हालात काबू न आने पर शुक्रवार को निगम आयुक्त और एसडीएम आशीष कुमार सड़कों पर उतरे और कई जगह निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। जानकारी के अनुसार, स्थिति का जायजा लेने के लिए नगर निगम आयुक्त आनंद शर्मा और एसडीएम आशीष वशिष्ठ द्वारा हुडा कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान साफ नजर आया कि सफाई व्यवस्था में भारी कमी है। मौके पर ही आयुक्त ने सफाई शाखा को आदेश दिए कि विशेष सफाई अभियान चलाकर क्षेत्र की सफाई की जाए। आयुक्त ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाते हुए पाया गया तो उसका चालान काटा जाएगा। इसके अलावा अधिकारियों ने कई जगह निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को सख्त हिदायतें जारी की। उन्होंने कहा अब शहर भर में नियमित रूप से निरीक्षण टीमें तैनात रहेंगी जो गंदगी फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखेंगी और चालान जारी करेंगी। नगर निगम अब सफाई को लेकर नागरिकों में जागरूकता फैलाने के लिए एक नया अभियान शुरू करने जा रहा है।

### 30 जून को समाप्त हुआ था टेंडर

विगत 30 जून को सफाई का टेंडर समाप्त हो गया था। इसके बाद नया टेंडर जारी किया गया, जो तीन माह तक रहेगा। निगम क्षेत्र को इस कार्य के लिए पांच जोन में बांटा गया है। सम्बन्धित एजेंसियों द्वारा घर-घर से कूड़ा उठाने के लिए 17 टिप्पर, 16 ट्रैक्टर ट्राली व 7 रेहड़ी लगाई गई। इसके अतिरिक्त शहर से गंदगी के ढेर उठाने के लिए 33 ट्रैक्टर ट्राली, 4 जेसीबी, 2 लोडर, 1 हाईवा लगाई जा चुकी है। आयुक्त द्वारा सम्बन्धित एजेन्सियों को निर्देश दिए गए कि दो दिन के अंदर-अंदर शेष संसाधन भी घर-घर से कूड़ा उठाने के लिए लगाएं और एक-दो दिन के अंदर 20 टिप्पर व 40 रिक्शा रेहड़ी बढ़ाए जाएं। इसके साथ ही अगले पांच वर्ष के कार्य के लिए ई-निविदा की जा चुकी है। नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके है कि इस कार्य की निरंतर निगरानी कर जल्द से जल्द सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### होगी प्रमुख स्थानों पर चित्रकारी

इसके तहत शहर के प्रमुख स्थानों जैसे पुलों, सरकारी भवनों की दीवारों आदि पर चित्रकारी की जाएगी। इन चित्रों के माध्यम से स्वच्छता और सुंदरता का संदेश आमजन तक पहुंचाया जाएगा। इस कार्य को करने के लिए ई-निविदा के माध्यम से ठेका प्रक्रिया पूरी कर कार्य आदेश जारी किए जा चुके हैं। यह परियोजना करीब 48 लाख रुपये की लागत से संचालित की जाएगी।

### रेलवे व बस स्टैंड होंगे मुख्य स्थान

आयुक्त डॉ आनंद शर्मा ने बताया कि चित्रकारी के लिए कुछ स्थान पहले ही चिन्हित कर लिए गए हैं जहां आम जनता का अधिक आवागमन होता है, जैसे रेलवे स्टेशन के पास, बस स्टैंड, प्रमुख चौराहे और बाजार क्षेत्र। इसके अलावा अन्य उपयुक्त स्थानों की पहचान का काम भी जारी है और जल्द ही इस कार्य की शुरुआत कर दी जाएगी।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

आम जनता से अपील की गई है कि वे अपने घरों, दुकानों और संस्थानों में डस्टबिन अवश्य रखें और कचरा केवल निगम की गाड़ियों में ही डालें। यदि कोई भी व्यक्ति कचरा इधर-उधर फैलाते हुए पाया गया तो उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सफाई से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए नगर निगम द्वारा हेल्पलाइन नंबर 8295900992, 14420 और 18001805007 जारी किए गए हैं, जिन पर कॉल करके या स्वच्छ ऐप के माध्यम से भी शिकायत दर्ज की जा सकती है। नगर निगम ने आश्वासन दिया है कि इन शिकायतों का समाधान शीघ्र किया जाएगा।

## सीएम ने गुलशन को किया सम्मानित



रोहतक। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रोहतक के रहने वाले एथलीट गुलशन शर्मा को सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें हाल ही में 15 मई से 25 मई 2025 में ताईपे ताईवान में आयोजित वर्ल्ड मास्टर गेम्स 2025 में दो सिल्वर मेडल जीतने के उपलक्ष्य में दिया गया। गुलशन शर्मा ने अपनी मेहनत, लगन, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण के बल पर प्रदेश एवं देश का नाम रोशन किया। गुलशन शर्मा ने 2018 में पिनांग मलेशिया में आयोजित एशिया पैसिफिक मास्टर गेम्स में जेवलिन थ्रो स्पर्धा में एक सिल्वर मेडल जीत कर न केवल राज्य बल्कि राष्ट्र का गौरव बढ़ाया। गुलशन शर्मा ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर 105 मेडल जीत कर युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। युवाओं को समय-समय पर खेल टिप्स देकर उन्हें खेल का महत्व बताते हैं और नशे से दूर रहने की नसीहत भी देते है। गुलशन शर्मा ने इस सम्मान के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया और भविष्य में भी खेल के माध्यम से समाज में साकारात्मक सहयोग के लिए प्रतिबद्धता जताई। गुलशन शर्मा की उपलब्धियों पर न केवल उनके लिए प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

## सांपला में अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

**सांपला।** अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों के वाले कर दिया तथा अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। नेशनल हाईवे नंबर 9 इस्माईला बाइपास पर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल व्यक्ति सतपाल की इलाज के दौरान पीजीआई रोहतक में मौत हो गई। झज्जर के गांव बहराणा निवासी मंजेश के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं, कुलताना मार्ग पर आटो पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के बेटे कृष्ण के बयान पर अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। उन्होंने बताया कि चाचा सत्यवान का निधन हो गया था। घर लौटते हुए सोनीपत-झज्जर नेशनल हाईवे से बेरी मार्ग पर आटो उतरी तो पीछे से तेज गति से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी। जिसमें आटो पलट गई। जिसके नीचे उसके पिता आजाद दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसको पीजीआई रोहतक दाखिल कराया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया।

*व्यापार मंडल सदस्यों के साथ हुई बैठक में नपा सचिव नांदल ने दी जानकारी*

## रात को सड़क पर कूड़ा डालने वाले दुकानदारों को नपा लगाएगी जुर्माना

- शहर से अतिक्रमण हटाने के लिए नपा ने बनाई कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम



महम। नगर पालिका कार्यालय में आयोजित बैठक में भाग लेते नपा अधिकारी, नगर पार्षद और स्थानीय दुकानदार। फोटो: हरिभूमि

स्वच्छता सर्वेक्षण में महम नगर पालिका का रैंक पहले से बेहतर स्थिति में आने पर महम व्यापार मंडल ने नगर पालिका सचिव को नगर पालिका में पहुंचकर बधाई दी। नगर पालिका सचिव ने कहा कि यह सब महम शहर के नागरिकों के सहयोग की वजह से संभव हो पाया है। शुक्रवार को व्यापार मंडल और नगर पालिका की एक बैठक हुई। इस बैठक में नगर पालिका सचिव नवीन नांदल ने बताया कि नगर पालिका द्वारा महम शहर से अतिक्रमण हटाने के लिए एक कमेटी गठित कर दी गई है। साथ ही यह भी बताया कि रात के समय सड़कों पर कूड़ा कर्कट डालने वाले दुकानदारों को रोकने के लिए भी कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। यदि कोई व्यक्ति अथवा दुकानदार सड़क पर कचरा डालता हुआ पाया गया तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। इसके लिए सफाई निरीक्षक ब्रह्मजीत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। दुकानदारों ने बताया कि नगर पालिका की कचरा उठाने वाली गाड़ी प्रतिदिन नहीं पहुंच रही। सचिव ने कहा कि कचरा उठाने वाली गाड़ी सुबह 10 बजे और शाम को चार बजे बाजारों में पहुंचेगी।

*शास्त्री नगर स्थित आयुर्वेदिक क्लिनिक पर की गई थी कार्रवाई, सील किए गए अवैध एमटीपी किट*

## गर्भपात किट बेचने के मामले में दो डॉक्टरों के खिलाफ एफआईआर, डॉक्टर दंपत्ति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। मौके पर जांच करते जांच टीम डॉ. विश्वजीत राठी नोडल ऑफिसर, रणजीत सिंह व डीसीओ मनदीप मान



रोहतक। दुकान को सील करवाते जांच टीम व पुलिस अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

शहर के शास्त्री नगर स्थित एक आयुर्वेदिक क्लिनिक में अवैध रूप से गर्भपात की दवाएं बेचने और गर्भपात कराने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। सिविल सर्जन कार्यालय को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ बीएएमएस डॉक्टर अवैध रूप से गर्भवती महिलाओं को एमटीपी किट्स देकर गर्भपात करा रहे हैं। इस आधार पर गठित विशेष जांच टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। इस टीम में डॉ. विश्वजीत राठी नोडल ऑफिसर, रणजीत सिंह और डीसीओ मनदीप मान शामिल रहे। टीम ने शिकायतकर्ता महिला कोमल से संपर्क कर गहराई से जांच की। कोमल ने बताया कि वह 12 जुलाई को डॉ. योगेश बल्हारा और डॉ. गरिमा बल्हारा के क्लिनिक पर गई थी, जहां उसकी जांच के बाद उसे गर्भपात के लिए एमटीपी किट दी गई। पहले 200 रुपये की नकद राशि ली गई और 1 हजार की ऑनलाइन पेमेंट पति ललित द्वारा डॉक्टर योगेश के फोन पे अकाउंट में की गई। डॉक्टरों द्वारा दी गई किट में पांच गोलियां थीं एक मिफीप्रिस्टोन की और चार मिसोप्रोस्टोल की, जिन्हें 14, 16 और 17 जुलाई को सेवन करना था। टीम को कोमल से एमटीपी किट का पैकेट मिला, जिसमें एक गोली शेष थी और बाकी पहले ही ली जा चुकी थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम ने किट के निर्माता, बैच नंबर, मूल्य 421.50, निर्माण व समाप्ति तिथि जैसे विवरण भी रिकॉर्ड किए। यह किट एक निजी फार्मा द्वारा निर्मित पाई गई। टीम ने डॉक्टर दंपति सहित कोमल के बयान भी लिखित रूप में दर्ज किए।

**नुकसान** रोपाई तक किसानों ने प्रति एकड़ कम से कम खर्च किए थे 20000-25000 रुपये

# महम सब डिविजन में 10000 एकड़ में रोपी गई धान जलमग्न, 21 तक बारिश न होने से राहत की उम्मीद

*आसमान से 144.4 मिलीमीटर पानी गिर चुका*

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक



महम। सब डिविजन के खेतों में कुछ इस तरह से भरा है पानी। *फोटो: अनिल चहल*

आगमन पर ही मानसून ने फसलों में तबाही मचाकर रख दी। आसमान से आफत गिरने का सिलसिला अभी जारी है। जिले में अभी तक सामान्य से 68 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है। जुलाई के पहले पखवाड़े तक सामान्य 86 मिलीमीटर बरसात होती तो खरीफ की फसलें तबाही से बच जाती है। लेकिन आसमान से आफत के रूप में 144.4 मिलीमीटर पानी गिरा। जिसने हाल ही में रोपे गए धान को बर्बाद कर दिया। अत्याधिक बारिश से जिले में सबसे ज्यादा नुकसान महम सब डिविजन में हुआ है। एकाध गांव तो ऐसा है कि जहां 3000 एकड़ तक में पांच-छह फीट तक पानी भरा है। बीते तीन-चार दिन से किसान सभा गांव-गांव जाकर किसानों की व्यथा सुन रही है। सभा की मांग है कि किसानों को प्रति एकड़ 50000 रुपये का मुआवजा तुरंत दिया जाए। वीरवार को सभा के पदाधिकारियों ने कलानौर क्षेत्र के गांव का दौरा किया। जहां पटवापुर गांव में 400-500 और बलम में 90-100 एकड़ में जलभराव था। शुक्रवार को पदाधिकारी महम सब डिविजन के गांव में पहुंचे। डिविजन के गांव में पानी ने काफी तबाही मचाई है। जहां तक नजर जाती है खेतों में बरसाती पानी ही पानी दिखाई देता है। इन खेतों में किसानों ने कुछ दिन पहले ही बड़ी उम्मीद के साथ धान की रोपाई की थी। लेकिन अब किसानों को रोना आ रहा है। किसान सभा ने एक मोटा-मोटा जो अनुमान लगाया है, उसके मुताबिक सैमाण गांव में 3000 एकड़ में, बेडवा में 500-600, निंदाना में 400-500, भैणी चंद्रपाल में 1800-2000, भैणी सुरजन में 1400-1500, भैणी मातो में 400-500, सीसर में 100-125, महम में खरकड़ा की तरफ 300-400 एकड़ में धान नष्ट हो चुकी है। भैणी महाराजपुर 700-800, भैणीभैरो 1500-200,बैंसी 250-300, निंदाना 800-1000 एकड़ में नुकसान होने की आशंका पीड़ित किसानों ने किसान सभा के सामने जाहिर की है। ध्यान रहे कि रकबा का आंकड़ा प्रशासनिक नहीं है।

### धान के पौधे दिखाई भी नहीं दे रहे

प्रति एकड़ 20-25 हजार रुपये खर्च करके धान लगवाई थी। अब खेतों में इतना पानी भरा है कि धान के पौधे दिखाई भी नहीं दे रहे। पानी की निकासी का प्रबंध न होने के कारण ही हमारी फसल खराब हुई है।
**-कृष्ण,** किसान गांव भैणी सुरजन



### तीन-चार फीट तक जलभराव

अब एक भी फसल ऐसी नहीं बची है, जिसे बारिश ने तबाह न किया हो। तीन-चार फीट तक जलभराव है। सरकार ने तुरंत पानी की निकासी कि प्रबंध करने चाहिए। अगर जल्द निकासी नहीं हुई तो रबी पर भी संकट खड़ा हो जाएगा। क्योंकि हमारे यहां चव्वे की समस्या है। **-रविंद्र कुमार,** किसान



### किसानों के सामने बड़ा संकट

सरकार किसानों को तुरंत 50 हजार रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा दे। क्योंकि किसान ने प्रति एकड़ इतना पैसा खर्च किया है। पानी की निकासी भी प्रशासन सही तरीके से नहीं करवा रहा है। किसानों के सामने इस समय बड़ा संकट है।
**-सुमित दलाल,** महा सचिवकिसान सभा हरियाणा



### 22 से फिर शुरू होगी बारिश

शुक्रवार शाम को आईएमडी चंडीगढ़ की तरफ से जारी पूर्वानुमान के मुताबिक मानसून टर्फ की उत्तरी सीमा अभी भी उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में बनी हुई है। परंतु बंगाल की खाड़ी की तरफ से नमी वाली मानसूनी हवाएं राज्य की तरफ कम आने की संभावना से 19 से 21 जुलाई के दौरान राज्य में बारिश की गतिविधियों में थोड़ी कमी आएगी। इस दौरान अरब सागर से नमी वाली हवाएं लगातार आने से दक्षिण पश्चिमी हरियाणा में कहीं कहीं हल्की बारिश होगी। परंतु उत्तरी क्षेत्र के जिलों में कहीं कहीं छिटपुट बूंदाबांदी या हलकी बारिश हो सकती है। परंतु 21 जुलाई रात्रि से मानसून फिर से एक्टिव होगा।

### किसानों के कई खर्चे

एक एकड़ में धान की रोपाई करने के लिए किसान को 20 से 25 हजार रुपये खर्च करने पड़ते हैं। इसमें 5 से 6 हजार रुपये रोपाई पर, जमीन जुताई के 4 से 5 हजार, रसायनिक खाद के 2 से 3 हजार, सिंचाई पर 3 से 4 हजार, पनीरी 2000-2500, कीटनाशकों पर 2 से 3 हजार रुपये वहन करने पड़ते हैं। अगर जमीन पट्टे पर है तो इनपुट खर्च 50 से 55 हजार रुपये बन जाता है। जिस खेत में धान बोया जाता है, उसका एक साल का पट्टा 50-55 हजार रुपये है। छह महीने (एक फसल) का पट्टा 25000 से 27500 रुपये बनता है।

## खबर संक्षेप



रोहतक। कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारम्भ करते हुए मुख्यातिथि जिला चेयरमैन दीपिका बाली। फोटो : हरिभूमि

### नवनिर्वाचित अध्यक्ष सिल्की बंसल का स्वागत किया

**रोहतक।** इनर व्हील क्लब ब्लूमिंगडेल रोहतक ने तीज महोत्सव को धूमधाम से मनाते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष सिल्की बंसल का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला चेयरमैन दीपिका बाली, हरमीत , सुशील बंसल,संध्या जैन और आशा आहुजा, चाइल्ड वेलफेयर की चेयरपर्सन उपस्थित थीं। इस दिन कई प्रभावशाली समाज सेवा परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया, जिनमें 40 महिला पुलिस अधिकारियों के लिए मैमोग्राफी कैंप, एक 11 वर्षीय बहरे औरगूंगे लड़के को श्रवण यंत्र प्रदान करना, और दो असहाय एमबीबीएस छात्राओं की वार्षिक कोचिंग फीस का प्रायोजन शामिल था। नई अध्यक्ष सिल्की बंसल ने अपने संबोधन में कहा, यह मेरे लिए गर्व काक्षण है कि मैं इस क्लब का नेतृत्व कर रही हूं। हम समाज की सेवा और महिलासशक्तिकरण के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

### हेरोइन के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**रोहतक।** राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की यूनिट ने करतारपुरा एरिया से एक युवक को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 7 ग्राम 08 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की गई। रोहतक यूनिट के इंचार्ज निरीक्षक धर्मबीर सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के नेतृत्व व डीएसपी सतेन्द्र कुमार के निर्देशन में एएसआई दीपक अपनी टीम के साथ थाना सिटी एरिया में मौजूद था। तभी एएसआई को सूचना मिली कि करतारपुरा में एक नशा तस्कर नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कुलदीप उर्फ कुली को गिरफ्तार किया। जिसके बाद से नशीला पदार्थ बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। अगर आमजन को कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दे तो भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रही नशें संबंधित टोल फ्री नंबर 1933 शिकायत कर सकते हैं।

# एमडीयू व आईटीसी होटल्स में अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री को लेकर एमओयू

- एमडीयू बना एईडीपी प्रारंभ करने वाला देश का प्रथम सरकारी विश्वविद्यालय
- एमओयू के तहत प्रारंभ होने वाले पाठ्यक्रमों के तहत विद्यार्थियों को अध्ययन के दौरान ही होटल इंडस्ट्री की वास्तविक कार्य प्रणाली से जोड़ने का अवसर मिलेगा: कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने एक ऐतिहासिक पहल करते हुए आईटीसी होटल्स (क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब) के साथ अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) शुरू करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह एमओयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। एमडीयू की ओर से कुलसचिव डा. कृष्णकांत तथा आईटीसी होटल्स की ओर से वाइस प्रेजिडेंट प्रदीप कुमार ने औपचारिक रूप से इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस उपलब्धि के साथ एमडीयू देश का पहला सरकारी विश्वविद्यालय बन गया है, जो प्रतिष्ठित होटल समूह के सहयोग से इस प्रकार का व्यावसायिक डिग्री कार्यक्रम आरंभ कर रहा है।

एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि एमडीयू की यह पहल शिक्षा-उद्योग साझेदारी में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि एमडीयू का उद्देश्य हमेशा से ही गुणवत्तापूर्ण, समसामयिक और रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करना रहा है और यह एमओयू उसी दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। कुलपति ने कहा कि इस एमओयू के तहत प्रारंभ होने वाले पाठ्यक्रमों के तहत विद्यार्थियों को अध्ययन के दौरान ही होटल इंडस्ट्री की वास्तविक कार्य प्रणाली से जोड़ने का अवसर मिलेगा। यह उन्हें न केवल रोजगारपरक बनाएगा, बल्कि कौशल विकास को भी नई दिशा देगा।आईटीसी होटल्स के वाइस प्रेजिडेंट प्रदीप कुमार ने कहा कि आईटीसी होटल्स की ओर से विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष अनुभव देना हमारे लिए लक्ष्य है। हम इस साझेदारी को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कुलसचिव डा. कृष्णकांत ने कहा कि यह एमओयू विद्यार्थियों के समग्र विकास और उनके उज्ज्वल करियर की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि इस साझेदारी से विश्वविद्यालय और उद्योग जगत के बीच सेतु और मजबूत होगा। डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. हरीश कुमार ने कहा कि एमडीयू और आईटीसी होटल्स की यह साझेदारी भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली में एक नए अध्याय की शुरुआत है। यह मॉडल अन्य विश्वविद्यालयों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकता है, जिससे शिक्षा और उद्योग के बीच सहयोग को और अधिक मजबूती मिलेगी।एईडीपी इंप्लीमेंटेशन नोडल ऑफिसर प्रो. संतोष तिवारी ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों को एनईपी के सिद्धांतों के अनुरूप तैयार किया है, जो शिक्षा तथा उद्योग के बीच की खाई को कम करने की दिशा में सार्थक प्रयास है।

**दो नवीनतम बीबीए पाठ्यक्रम शुरू**
आईएचटीएम निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने कहा कि इस एमओयू के सत्र 2025-2026 से दो नवीनतम बीबीए पाठ्यक्रम- बीबीए- हॉस्पिटैलिटी एंड सर्विस मैनेजमेंट (30 सीटें) तथा बीबीए- टूरिज्म, ट्रेवल एंड इवेंट मैनेजमेंट (30 सीटें) प्रारंभ होंगे। इन कोर्सों की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि विद्यार्थियों को आईटीसी क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में अप्रेंटिसशिप व ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें उद्योग में वास्तविक कार्य अनुभव प्राप्त होगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर निदेशक, सेंटर फॉर कुरीकलम, डिजाइन एंड डेवलपमेंट प्रो. ए.के. राजन, डीन, फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स प्रो. राजपाल, आईक्यूएसी निदेशक प्रो. बी. नरसिम्हन, आईटीसी होटल्स अधिकारीगण, आईएचटीएम के प्राध्यापक प्रो. संदीप मलिक,डा. संजीव, डा. अनूप, डा. शिल्पी, डा. ज्योति, डा. सुमेर, डा. मनोज, डा. गौरव त्यागी, एकेडमिक ब्रांच के सहायक कुलसचिव तेजपाल, सहायक नरेन्द्र शीलक, कुलपति कार्यालय के अधीक्षक खैराती लाल तथा आईएचटीएम के शोधार्थी उपस्थित रहे।

# सांसद जांगड़ा और डीसी ने किया महम के जलभराव क्षेत्रों का दौरा

## भैणीसुरजन, सैमाण, भैणी मातो और बहलबा गांवों में नुकसान का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

सांसद रामचंद्र जांगड़ा और डीसी धर्मेंद्र सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महम क्षेत्र के जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भैणीसुरजन, सैमाण, भैणी मातो, भैणीसुरजन और बहलबा गांवों में नुकसान का जायजा लिया। सांसद जांगड़ा ने ग्रामीणों को बताया कि पानी की निकासी के लिए सभी जरूरी समाधान किए जा रहे हैं। खेतों में जमा बरसाती पानी को जुई फीडर और बहलबा ड्रेन में डाला जाएगा। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए गए हैं कि वे जल्द से जल्द पानी की निकासी करें।

सैमाण गांव के ग्रामीणों ने पानी निकासी के लिए लगी मोटरों के लिए बिज़ली कनेक्शन की शिकायत की जिस पर डीसी रोहतक ने बिजली के स्थाई कनेक्शन देने के निर्देश बिजली विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। भैणी सुरजन गांव का पानी माइनर के रास्ते आगे पहुंचाने और सैमाण और भैणी मातो का पानी ड्रेन के रास्ते जूई फिडर में डालने के निर्देश दिए गए। कहा कि भैणी महाराजपुर और भैणी भैरों का पानी सैमाण धनाना ड्रेन के माध्यम से जुई फिडर में डलवाने के इंतजाम किए जाएं।

इस संबंध में महम के एसडीएम कार्यालय में जिला उपायुक्त, सांसद और प्रशासनिक अधिकारियों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ पानी निकासी को लेकर रूपरेखा तैयार की। जिला उपायुक्त ने कहा कि पानी निकासी के मामले में किसी प्रकार की ढिलाई सहन नहीं की जाएगी। अधिकारी व कर्मचारी पानी मन लगाकर काम करें।





महम। जलभराव से प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लेते सांसद रामचंद्र जांगड़ा, जिला उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह व उनके साथ मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारी और महम के एसडीएम कार्यालय में पानी निकासी को लेकर चर्चा करते सांसद , उपायुक्त, एसडीएम मुकुंद और अन्य। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजद

इस मौके पर जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य महंत सतीश दास, जिला परिषद रोहतक के सीईओ प्रदीप कौशिक, महम के एसडीएम मुकुंद, महम के तहसीलदार रवि कुमार, बीडीपीओ मुकुल दहिया, बिजली निगम के एसडीओ संजीव और सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता और कार्यकारी अभियंता समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

**स्थायी समाधान की उम्मीद**

बहलबा गांव में ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगडा से बहुत उम्मीद है कि वे जल भराव की समस्या का स्थाई समाधान करवाएंगे। क्योंकि उन्होंने पिछले साल भी सैमाण और अजायब गांवों में पानी निकासी के लिए स्थाई पाइप लाइन बिछवाई थी बहलबा में भी स्थाई पाइप लाइन बिछाने का कार्य चालू है। जिससे हज़ारों एकड़ कृषि भूमि को जल भराव से छुटकारा मिल जाएगा।



# फास्ट फूड और बिगड़ी दिनचर्या के कारण बढ़ रही बीमारियां: डॉ सुप्रिया

- डॉ माधवी शर्मा ने 125 बच्चों के आंख, कान , नाक, गले की जांच की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आयुर्वेद से स्वस्थ जीवन जिएं इस मुहिम में अथर्व आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से मॉडल स्कूल सेक्टर 4 शाखा में एक फ्री मेडिकल चेकअप कैंप एवं स्त्री रोगों पर चर्चा का आयोजन किया गया। मेडिकल डायरेक्टर डॉ संजीव मदान ने बताया कि कैंप एवं चर्चा का आयोजन प्रिंसिपल ऋतु मदान एवं आशा रानी गौड़ की अध्यक्षता में हुआ व संचालन अवंतिका मैम ने किया।

अथर्व आयुर्वेद से आंख ,कान ,नाक, गले की विशेषज्ञ डॉ माधवी शर्मा ने 125 बच्चों के आंख, कान , नाक, गले की जांच की। इनमें पाई जाने वाली कमियों के बारे में बच्चों को अवगत कराया, उन्हें इन कमियों को कैसे ठीक करना है उस पर प्रकाश डाला और बच्चे कैसे अपने खान पान रहना सहन से इन रोगों से बिना दवा के बचे रहें, इसका ज्ञान दिया। बच्चों को आंखों की चिंता ज्यादा रहती है, इसके लिए उन्हें व्यायाम आदि अन्य चीजों का बताया कि कैसे वो अपनी आंखों को लंबे समय तक स्वस्थ रख सकते हैं।

स्त्री प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ सुप्रिया द्वारा स्त्री रोगों पर चर्चा की गई जिसमें छात्राओं एवं प्राध्यापिकाओं ने भाग लिया। माहवारी के दिनों में होने वाली समस्याओं एवं साफ सफाई पर चर्चा की गई।

आजकल जंक/ फास्ट फूड, बिगड़ी दिन चर्या की वजह से बहुत सी बीमारियां जैसे पीसीओडी, अनियमित माहवारी आदि बहुत छोटी उम्र में शुरू हो गई हैं जिनका लड़कियों पर शारीरिक व मानसिक दुष्प्रभाव पड़ रहा है। डॉ सुप्रिया ने उन्हें अपने आहार, विहार, जीवन चर्या संबंधी टिप्स दिए। प्रिंसिपल ऋतु मदान ने टीम अथर्व का आभार व्यक्त किया।

# गांव गिरावड़ में 600 पौधे लगाए

- महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान गांव गिरावड़ पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान आज गांव गिरावड़ पहुंचा। बाबा बाढ़ी आला धाम ट्रस्ट, गिरावड़ ने इस पौधारोपण अभियान के तहत 600 पौधे लगाए। आज के कार्यक्रम के मुख्य संयोजक बाबा बाढ़ी आला धाम ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष कर्नल कर्मबीर लुहाच ने मंदिर परिसर में इस पौधा रोपण कार्यक्रम की सराहना की।

एमडीयू के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन विभाग के सक्रिय सहयोग से आज इस पौधारोपण कार्यक्रम में गिरावड़ गांव के मंदिर परिसर में जाल, जामुन, नीम, ढाक, गुल्लर, बरगद, पीपल, इमली, केंदू, गुलमोहर, कटहल इत्यादि के 600 से ज्यादा पौधे लगाए गए। ये सभी पौधे वन विभाग द्वारा निशुल्क उपलब्ध करवाए गए और रोपित करवाए गए। उप वन संरक्षक, रोहतक वीरेन्द्र गिल ने बतौर मुख्यातिथि इस कार्यक्रम में शिरकत की और बाबा बाढ़ी आला धाम ट्रस्ट और एमडीयू के इस संयुक्त प्रयास को सराहा।वीरेन्द्र गिल ने कहा कि वृक्ष हम पर परोपकार करते हैं। इसलिए हम सभी को अपनी मां के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी उचित देखभाल करनी चाहिए। इस अवसर पर सिंचाई विभाग के एसडीओ सतीश सिंग्रोहा, वन विभाग के रेंज ऑफिसर चंद्रगुप्त, वन दरोगा सोमबीर, देवेन्द्र, अशोक, पवन, प्रवीन, अजमेर और कृष्ण समेत मनरेगा के कर्मचारी, प्रतिष्ठित ग्रामीण उपस्थित रहे। एमडीयू के बॉटनी विभाग के शोधार्थी प्रीतम हसनपुरी, कर्मचारी अनिल कुमार और मनोज कुमार ने विशेष आयोजन सहयोग दिया।

# किला रोड पर अग्निशमन पाइप लाइन का निर्माण करवाई जाए : नीरा भटनागर

- किला रोड मार्केट का क्षेत्र बहुत ही भीड़-भाड़ वाला : पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



वार्ड नम्बर छह की पार्षद नीरा भटनागर ने किला रोड को संवेदनशील क्षेत्र मानते हुए यहां अग्निशमन पाइप लाइन का निर्माण करवाने की मांग उठाई है। उन्होंने शुक्रवार को निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपा। उनके साथ पूर्व पार्षद नौरातामल भटनागर भी मौजूद रहे।

ज्ञापन में उन्होंने कहा कि किला रोड मार्केट का क्षेत्र बहुत ही भीड़-भाड़ वाला एवं समुचित क्षेत्र है। यहां पर बाजार की गलियां संकरी हैं और दुकानों में अत्यधिक भीड़ रहती है, जिससे किसी भी समय गंभीर दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। वर्तमान में बाजार में किसी भी प्रकार की अग्निशमन व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है, जिससे आग लगने की स्थिति में जान-माल की भारी क्षति हो सकती है। इसलिए लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह आश्वयक है कि मुख्य किला रोड मार्केट में अग्निशमन पाइप लाइन का शीघ्रा निर्माण करवाए जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पानी की आपूर्ति की जा सके और आग पर काबू पाया जा सके।

निगम आयुक्त ने उपयुक्त कार्रवाई का

# हुड्डा ने बनी बनाई सरकार को ठुकराकर जनता से विश्वासघात किया: दिग्विजय

- संघर्ष के दम पर जेजेपी करेगी वापसी : दिग्विजय चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि आज भाजपा और कांग्रेस से परेशान जनता निरंतर जेजेपी के साथ जुड़ रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता जेजेपी को मजबूती प्रदान कर रहे है और आने वाले समय में जेजेपी संघर्ष दम पर वापसी करेगी। दिग्विजय ने कहा कि आम लोगों का विश्वास कांग्रेस और भाजपा से पूरी तरह उठ गया है इसीलिए चौधरी देवीलाल की नीतियों से जुड़े लोग एकजुट होकर जेजेपी के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

दिग्विजय चौटाला ने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का जोरदार माहौल था, लेकिन पुत्र मोह के चलते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बनी बनाई सरकार खो दी। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद हर जगह यही चर्चा रही कि हुड्डा ने घर आई सरकार को ठोकर मार दी और जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ किया। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि अब जनता अपने और पराए की अच्छे से पहचान कर चुकी है। वे शुक्रवार को जिले में जेजेपी के युवा जोड़ो अभियान के तहत ग्रामीणों से रूबरू थे। वे महम हल्के में पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यालय सचिव रविंद्र संगवान के गांव खरकड़ा पहुंचे।

## 87 सीटों पर होगा मतदान, प्रधान पद का 10 अगस्त को चुनाव

# वैश्य संस्था के कॉलेजियम चुनाव 20 को होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



वैश्य शिक्षण संस्था में त्रैवार्षिक चुनाव 20 जुलाई को होंगे। कुल 105 में से 87 कॉलेजियम सदस्यों का चुनाव कराया जाएगा, जबकि 18 सदस्य पहले ही निर्विरोध चुन लिए गए हैं। करीब 12 हजार मतदाता वोट डालेंगे, जिसके लिए संस्था में व्यापक तैयारियां की गई हैं। चुनाव अधिकारी राजेंद्र बंसल ने पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 9 और 10 जुलाई को नामांकन वापसी की तिथि थी। लेकिन 11 जुलाई को नीतू गर्ग नाम की आजीवन सदस्य ने आपत्ति दर्ज करवाई। उन्होंने कहा कि 105 नंबर कॉलेजियम सीट के एक उम्मीदवार ने अपने नामांकन में प्रपोजर का नाम नहीं भरा। यह आपत्ति तय तिथि के बाद आई, इसलिए मामला जिला फर्म एंड सोसाइटी रजिस्ट्रार को भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि 11 जुलाई को नीतू गर्ग जब शिकायत लेकर आईं तो कुछ अन्य लोग भी उनके साथ थे, जिन्होंने चुनाव कार्यालय के एक कमरे पर कब्जा कर लिया और वहां आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया। राजेंद्र बंसल ने आरोप लगाया कि कुछ लोग चुनाव को बाधित करना चाहते हैं और बिना किसी ठोस प्रमाण के आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास सबूत हैं तो उन्हें सामने लाएं, गलती होगी तो सुधार किया जाएगा, लेकिन बेबुनियाद आरोप बर्दाश्त नहीं होंगे। बंसल ने बताया कि कॉलेजियम चुनाव के लिए दो स्कूलों में 87 बूथ बनाए गए हैं।

**500 से अधिक कर्मचारियों को दी जिम्मेदारी :** इसके अलावा वैश्य शिक्षण संस्था के कॉलेजियम चुनाव के लिए करीब 500 लोगों का स्टाफ लगाया गया है। हर बूथ पर 5 कर्मचारी नियुक्त किए हैं, जिनमें एक महिला कर्मचारी भी शामिल है। इसके अलावा संयुक्त चुनाव अधिकारी, नोडल अधिकारी, संयुक्त नोडल अधिकारी भी लगाए गए है। राजेंद्र बंसल ने बताया कि वैश्य संस्था में प्रधान, उपप्रधान, महासचिव, सहसचिव, सचिव पद के लिए 28 व 29 जुलाई को नामांकन दाखिल किए जाएंगे। इसके बाद 30 व 31 जुलाई को नामांकन वापसी का दिन रहेगा। 4 अगस्त को सिंबल दिए जाएंगे और 10 अगस्त को वोटिंग के बाद परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। चुनाव की गंभीरता को देखते हुए एसपी से पुलिस सुरक्षा की मांग की गई है।

# नरेश बहल की पुस्तक 'माइंड ओवर मशींस' का विमोचन

- पं. नेकी राम कॉलेज में एक काव्यगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




स्पंदन संस्था द्वारा शहर के पं नेकी राम कॉलेज में एक काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ॰ लोकेश बल्हारा की अध्यक्षता में हुई इस काव्यगोष्ठी में चंचल नांदल मुख्य अतिथि तथा संदीप शर्मा विशिष्ट अतिथि की भूमिका में शामिल रहे।

मंच संचालन डॉ निधि राठी एवं अंकिता ने सम्मिलित रूप से किया। इस कार्यक्रम में हरियाणा के (झज्जर, हांसी, जींद, चरखी दादरी आदि) विभिन्न स्थानों सहित मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से आए कवियों और श्रोताओं ने कार्यक्रम का लुत्फ लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ नवोदित कवयित्री आंचल की देशभक्ति की कविता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें प्रतिष्ठित कवियों के साथ ही नवोदित कवियों ने भी अपनी कविताएं प्रस्तुत की। ग्वालियर (मध्य प्रदेश) भावना सविता ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वह इस मंच से पहली बार कविता सुना रही है इसके अलावा रोहतक के सुपवा के छात्र दीपांशु ने भी स्पंदन के मंच से पहली बार काव्यपाठ किया। इस बात काव्य गोष्ठी में आंचल, जया सारसर, भावना, डॉ. सुचेता यादव, लोकेश, खुशबू जैन, स्नेह 'विशेष',जयसिंह 'जीत', जतिन, डॉ. निधि राठी, अंकिता आदि ने कविताएं प्रस्तुत की।

## खबर संक्षेप

### फैकल्टी क्लब के अध्यक्ष के लिए चुनाव 24 को

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में फैकल्टी क्लब के अध्यक्ष के लिए चुनाव आगामी 24 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। रिटर्निंग ऑफिसर प्रो. विनय मलिक ने यह जानकारी देते हुए बताया कि फैकल्टी क्लब के अध्यक्ष पद के लिए चार नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्ट्डीज एंड रिसर्च से डॉ. दिव्या मल्हान, डॉ. सीमा सिंह, गणित विभाग से डॉ. सविता राठी और सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी से डॉ. हरि मोहन शामिल हैं। आज चारों फॉर्म की स्क्रीनिंग की गई और सभी फॉर्म सही पाए गए। आज फॉर्म वापस लेने की आखिरी तारीख भी थी, जहाँ गणित विभाग की डॉ. सविता राठी ने अपना फॉर्म वापस ले लिया। परिणामस्वरूप, तीन उम्मीदवार बचे जो फैकल्टी क्लब के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ेंगे।

### नि:शुल्क किडनी जांच शिविर 20 को

**रोहतक।** डीएलएफ कालोनी चौक स्थित बाबा बंदा सिंह बहादुर चैरिटेबल डायलिसिस सैंटर में 20 जुलाई को प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक निशुल्क किडनी जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में किडनी संबंधित सभी समस्याओं की मुफ्त जांच की जाएगी। शिविर में ख्याति प्राप्त डाक्टर राजेश गोयल (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ पुष्पावती सिंघानिया अस्पताल दिल्ली) द्वारा रोगियों की जांच की जाएगी।

### मार्गदर्शन सप्ताह 21 से 25 जुलाई तक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय स्थित विश्वविद्यालय रोजगार सूचना एवं मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 21 से 25 जुलाई तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विद्यार्थियों को व्यावसायिक मार्गदर्शन, रोजगार के विभिन्न विकल्प, रोजगार की स्कीमों व रोजगारपरक कोर्सों की जानकारी देने के लिए विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे और रोजगार सूचना एवं मार्गदर्शन केन्द्र में भी करियर वार्तालाप, ग्रुप मार्गदर्शन संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे।

राज्य सरकार की योजना का लाभ उठा रहे सैकड़ों किसान

# उपायुक्त ने वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम का किया निरीक्षण

इसी प्रकार से वर्ष 2023-24 में 2700 एकड़ कृषि भूमि में सुधार किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा है कि वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम सेमग्रस्त भूमि के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रहा है। इस सिस्टम के लगाने के उपरांत जिला के अनेक किसानों को लाभ पहुंचा है। वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजेक्ट के बारे में फीडबैक लेने के लिए उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने गांव बालंद व घिलौड़ कलां का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस प्रणाली को अपनाने वाले किसानों से बातचीत भी की। किसानों ने उपायुक्त को बताया कि भू-जल स्तर ऊपर आने की वजह से सैकड़ो एकड़ क्षेत्र में उनकी फसल नहीं हो पाती थी। राज्य सरकार की योजना के तहत कृषि भूमि में वर्टिकल ड्रेनेज प्रणाली को स्थापित किया गया है।





**रोहतक।** गांव बालंद व घिलौड़ कलां का मौके पर वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजेक्ट का निरीक्षण करते उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

**सेमग्रस्त क्षेत्र में यह प्रणाली बेहद कारगर**

कृषि विभाग की मंडल भूमि संरक्षण अधिकारी नीना सुहाग ने बताया कि सेमग्रस्त क्षेत्र में यह प्रणाली बेहद कारगर साबित हो रही है। इस प्रणाली को सरकार की योजना के तहत मुफ्त में स्थापित किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में सेम की समस्या है और खारा पानी है। इस स्थिति में संबंधित क्षेत्र के किसान पंचायत के माध्यम से कृषि विभाग को अपना प्रस्ताव भेज सकते हैं। विभाग द्वारा सर्वे करवाकर इस प्रणाली को निशुल्क स्थापित किया जाता है। यह प्रणाली सौर ऊर्जा पर आधारित है। रोजाना 4 से 5 घंटे तक सेमग्रस्त भूमि का पानी निकालने का कार्य किया जाता है। उन्होंने बताया कि 100 एकड़ क्षेत्र में एक ट्यूबवैल वर्टिकल ड्रेनेज परियोजना के तहत लगाया जाता है।

किसानों ने बताया कि इस प्रणाली को अपनाने के बाद उनके खेतों में बहार आ गई है और फसल लहलहा रही है। डीसी ने कहा कि गांव बालंद में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इस प्रणाली को स्थापित किया गया था। ढाई वर्ष में कृषि भूमि में काफी सुधार हुआ है। पहले यहां पर भू-जल स्तर केवल मात्र पांच फीट पर था। ग्रामीणों ने बताया कि 3 वर्ष पूर्व इस क्षेत्र में कोई फसल नहीं होती थी, लेकिन अब फसल लहलहा रही है। यहां 100 एकड़ के क्षेत्र में एक ट्यूबवैल लगाया गया है। इस प्रकार से यहां पांच ट्यूबवैल स्थापित किए गए हैं। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि राज्य सरकार की योजना के तहत अब तक जिला के एक दर्जन से भी अधिक गांवों में वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम स्थापित करके कृषि भूमि में सुधार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 3250 एकड़ कृषि भूमि का सुधार किया गया। इसमें गांव लाखनमाजरा, चिड़ी, बसंतपुर व बखेता की कृषि भूमि शामिल थी। इसी प्रकार से वर्ष 2023-24 में 2700 एकड़ कृषि भूमि में सुधार किया गया। इसमें गांव घिलौड़ कलां, सैंपल, कसरैंटी व खरक जाटान की कृषि भूमि शामिल थी। इसी प्रकार से वर्ष 2025-26 में 2450 एकड़ कृषि भूमि का सुधार किया गया है। इसमें गांव बहुअकबरपुर, तिमारपुर, कलानौर व बल्ब गांव शामिल हैं। अब तक परियोजना के तहत 8400 एकड़ भूमि का सुधार करके संबंधित किसानों को लाभ पहुंचाया जा चुका है।



## पंडित नेकीराम महाविद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने जीती प्रतियोगिता

**रोहतक।** उच्चतर शिक्षा निदेशालय के सौजन्य से दयाल सिंह महाविद्यालय, करनाल में हुई राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कॉलेजों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य व राष्ट्रपति पुरस्कृत डॉक्टर लोकेश बलहारा और साइंस सोसाइटी के संयोजक व रसायन विभाग के प्रमुख डॉक्टर रवींद्र सिंह के दिशा निर्देशन में इस महाविद्यालय से तीन विद्यार्थियों (अर्चना, ऋतु, ललित) ने जिला सत्रीय प्रतियोगिता में जीत हासिल करने के बाद इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। इस राज्य सत्रीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में पण्डित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय की अर्चना (बीससी केमिस्ट्री ऑनर्स प्रथम वर्ष) ने तीसरा स्थान, ऋतु (बीससी केमिस्ट्री ऑनर्स तृतीय वर्ष) ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। इस जीत पर विजेताओं को प्राचार्य डॉक्टर लोकेश बलहारा और साइंस सोसाइटी के संयोजक व रसायन विभाग के प्रमुख डॉक्टर रवींद्र सिंह, डॉ. प्रवीन गोयल और सभी स्टाफ सदस्यों ने बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## कलानौर तहसील में किया पौधरोपण

**कलानौर।** कस्बे की तहसील में हमारा सहयोग सोसायटी द्वारा पौधरोपण किया गया। सोसायटी के अध्यक्ष नरेन्द्र प्रजापति ने बताया कि इस कार्यकर्म के मुख्य अतिथि रवि कुमार तहसीलदार रहे। रवि कुमार ने बताया कि आज पेड़ लगाना हद से ज्यादा आवश्यक हो गया है। हर वर्ष दिवाली के अवसर पर चारों तरफ हवाएं प्रदूषित हो जाती है उस हवा में सांस लेने में भी दिक्कत होती है इसलिए उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि प्रत्येक व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। जिससे हमें शुद्ध हवा मिल सके। इस मौके पर नरेन्द्र प्रजापति, रेखा प्रजापति, मुकेश बेनीवाल, प्रदीप प्रजापति, पवन दाबोदिया , पवन प्रजापति, संदीप, डी पी बेरलिया मौजूद रहे।

## होटल प्रबंधन संस्थान में दाखिले के लिए 23 तक करें आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



विद्यार्थी 12वीं कक्षा उपरांत आतिथ्य और पर्यटन के क्षेत्र से जुड़कर करियर बना सकते हैं। इसी क्रम में पर्यटन विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा तिलियार झील पर स्थित होटल प्रबंधन संस्थान इस क्षेत्र में करियर बनाने वाले विद्यार्थियों के लिए दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित करता है, जिसकी अंतिम तिथि 23 जुलाई है। संस्थान के प्रिंसिपल इंचार्ज संजीब डे ने बताया कि आईएचएम में सत्र-2025 में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिये प्रवेश प्रक्रिया जारी है। संस्थान में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा 3 वर्षीय बीएससी तथा डेढ वर्षीय फूड एंड बेवरेज सर्विस, फूड प्रोडक्शन, बेकरी डिप्लोमा में दाखिले की प्रक्रिया जारी है। डे ने बताया कि डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में दाखिले की अंतिम तिथि 23 जुलाई है। पेशेवर पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेकर विद्यार्थी पर्यटन के क्षेत्र में अपने करियर को नई उड़ान दे सकते हैं और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सफलता का परचम लहरा सकते हैं। विकास देशवाल ने बताया कि आतिथ्य और पर्यटन क्षेत्र विश्व में सबसे तेजी से बढ़ते उद्योगों में से एक है जो होटल एयरलाइन, फास्ट फूड चेन, रिटेल आउटलेट, भारतीय रेलवे, पर्यटन बोर्ड और स्वरोजगार की राह बनाने के लिए कई अवसर प्रदान करता है।

## मॉडल स्कूल में किया विद्यार्थी परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में विभिन्न पदों के लिए विद्यार्थी - परिषद का गठन किया गया । कक्षा बारहवीं के मयंक को 'हैड ब्वाय' और राहिनि को 'हैड गर्ल' तथा मेधावी को 'इवैंट कोर्डिनेटर' बनाया गया । वहीं कक्षा ग्यारहवीं के अंश मलिक और एड्रियाना को 'विंग मैन ' बनाया गया । मैत्री , राशि, शौर्यवीर , अहसास एडजुटेंट चुने गए ।पदाधिकारियों ने ईमानदारी से स्कूल की बेहतरी के लिए कार्य करने और एकनिष्ठता से अपने कर्त्तव्यों का निर्वाह करने की शपथ ली । उन्होंने प्रधानाचार्या जी को यह विश्वास दिलाया कि वे स्कूल में सभी गतिविधियों के सुचारू रूप से संचालन और अनुशासन स्थापित करने में अपनी भूमिका का निर्वाह करेंगे । इस अवसर पर मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के उपाध्यक्ष रामअवतार गुप्ता तथा सचिव राजेश कुमार सहगल मुख्य अतिथि रहे, जिन्हें एस. पी. सी . सी . के कैडेटस ने सलामी दी व स्वागत किया । सचिव राजेश कुमार सहगल ने नवनिर्वाचित विद्यार्थी - परिषद को अपनी ज़िम्मेदारी उत्साह और कर्त्तव्य - परायणता से निर्वाह करने के लिए प्रेरित किया ।

मॉडल एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त रोहतक धर्मेंद्र सिंह आई.ए.एस., ने सभी पदाधिकारियों को उनके कार्यकाल के लिए शुभकामना संदेश भेजा । इस अवसर पर उन्हें प्रेरित करते हुए प्रधानाचार्या डॉ . अरुणा तनेजा ने यह कहा कि आज जिन पदाधिकारियों को चुना गया है उनके कंधों पर स्कूल की महत्त्वपूर्ण ज़िम्मेदारी डाली गई है । इस तरीके से इन ज़िम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए उनमें नेतृत्वकारी क्षमता का विकास होगा । आगे चलकर ऐसे विद्यार्थी कुशल नेतृत्व देने में सक्षम हो पाएँगे । उन्होंने उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर बारहवीं की पूर्व छात्रा लक्षिता को नीट और जे. ई. ई. मेंस में अच्छी रैंक लाने पर सम्मानित किया गया तथा मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के उपाध्यक्ष रामअवतार गुप्ता की उपस्थिति में सचिव राजेश कुमार सहगल ने यह घोषणा की कि लक्षिता जहाँ पर भी दाखिला लेगी वहाँ पर पहली बार आने जाने का किराया सोसाइटी द्वारा वहन किया जाएगा ।

## युद्ध स्मारक की दुर्दशा पर पूर्व सैनिकों ने जताई चिंता, नगर निगम से की सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में बनाए गए युद्ध स्मारक देश की अमूल्य धरोहर होते हैं, जिनका सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है। लेकिन रोहतक के मानसरोवर पार्क स्थित युद्ध स्मारक की वर्तमान स्थिति चिंता का विषय बन चुकी है। युद्ध स्मारक की उपेक्षा और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को लेकर हरियाणा पूर्व सैनिक संघ के प्रवक्ता कैप्टन जगबीर मलिक अपने साथियों सहित नगर निगम पहुंचे।

उन्होंने निगम के एसडीओ को स्मारक की बदहाल स्थिति से अवगत कराया। शिकायत में बताया गया कि स्मारक के चारों ओर लगी रेलिंग के दो स्टील गेट उखाड़ लिए गए हैं और लोग बिना किसी सम्मान भाव के जूते पहनकर स्मारक परिसर में घूमते हैं। कैप्टन जगबीर मलिक ने कहा कि यह शहीदों का अपमान है, जिन्होंने देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने मांग की कि स्मारक की मरम्मत, सफाई और वहां सुरक्षा के



उचित प्रबंध किए जाएं। नगर निगम के एसडीओ ने पूर्व सैनिकों को आश्वासन दिया कि आगामी कारगिल विजय दिवस (26 जुलाई) से पहले मानसरोवर पार्क स्थित युद्ध स्मारक पर आवश्यक सुधार कार्य किए जाएंगे।

## एमडीयू कैंपस स्कूल का नाम स्क्वाड्रन लीडर शहीद लोकेंद्र सिंधु के नाम पर रखा जाए: प्रदीप

**रोहतक।** जगुआर विमान दुर्घटना में शहीद हुए स्क्वाड्रन लीडर लोकेंद्र सिंधु के निवास पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देशवाल ने एमडीयू कुलपति से मांग की है की एमडीयू कैंपस स्कूल का नाम यहां के पूर्व छात्र स्क्वाड्रन लीडर शहीद लोकेंद्र सिंधु के नाम पर रखा जाए।

प्रदीप देशवाल ने बताया कि शहीद लोकेंद्र सिंधु व उनके परिवार का एमडीयू से गहरा रिश्ता है। शहीद लोकेंद्र सिंधु एमडीयू कैंपस स्कूल के छात्र रहे हैं व उनका बचपन एमडीयू प्रांगण में ही गुजरा था। प्रदीप देशवाल ने बताया की शहीद लोकेंद्र सिंधु के पिता जोगेंद्र सिंह एमडीयू के कर्मचारी रहे हैं। उन्होंने भी



शहीद लोकेंद्र सिंधु।

एमडीयू में 30 साल से ज्यादा अपनी सेवाएं दी हैं। शहीद लोकेंद्र की पत्नी सुरभि एमडीयू के मनोविज्ञान विभाग में शोधार्थी हैं। शहीद लोकेंद्र सिंह का पूरा परिवार ही प्रत्यक्ष रूप से एमडीयू से जुड़ा हुआ है। इन सब बातों को ध्यान में रखकर व विश्वविद्यालय परिवार की भावनाओं के अनुरूप एमडीयू कैंपस स्कूल का नाम यहां के पूर्व छात्र स्क्वाड्रन लीडर शहीद लोकेंद्र सिंधु के नाम पर रखा जाए। यही एमडीयू परिवार की तरफ से उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## पोली क्लीनिक सेक्टर-3 में 46 दिव्यांग बच्चों की जांच

**रोहतक।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद् के तत्वावधान में शुक्रवार को पोली क्लिनिक सेक्टर-3 में दिव्यांग बच्चों के लिए एक विशेष मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में खंड सांपला के सरकारी स्कूलों से आए 46 छात्र-छात्राओं की विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जांच की गई। कैम्प का शुभारंभ बिजेंद्र हुड्डा, डीपीसी समग्र शिक्षा द्वारा किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सांपला सुमन हुड्डा ने भी विशेष रूप से उपस्थित होकर बच्चों को आशीर्वाद



दिया। कैम्प में शारीरिक विकलांगता, मानसिक मंदता, दृष्टि बाधित, मूक-बधिर जैसी विभिन्न दिव्यांगताओं की जांच विशेषज्ञों द्वारा की गई। कैम्प के दौरान बच्चों के विकलांगता प्रमाण पत्र, बस पास, रेल पास भी बनाए गए। कविता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। सरवन संस्थान की छात्राओं ने वालंटियर के रूप में सराहनीय सेवाएं देकर कैम्प की सफलता में योगदान दिया। इस मौके पर जिला नोडल अधिकारी सुंदर लाल एवं डिप्टी सीएमओ अंजली ने शिविर का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में एपीसी अरविंद खोखर, राजेश मालिक, सुरेंद्र दहिया, रेणु कंबोज सहित विशेष शिक्षकों की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रमुख शिक्षकों में बंसी लाल, हरीश कुमार, प्रमिला राठी, पिंकी देवी, अजित कुमार, अजयेंद्र पुंडीर, मीना, परमजीत, पारुल, दया रानी रहे।

राजकीय माडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में 239 पौधे लगाए

# पेड़-पौधों के बिना धरा पर जीवन असंभव: जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एलपीएस बोसार्ड, बीपी जैन, हरियाणा फोरेस्ट डिपार्टमेंट के संयुक्त तत्वाधान में विशाल पौधारोपण अभियान 15 जुलाई से शुरू होकर 31 अगस्त तक के तहत आज तेज कॉलोनी रोहतक में स्थित राजकीय माडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में 154 व पार्क में 85 पौधे कुल 239 पौधे लगाए गए। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि आज पौधारोपण करके एलपीएस बोर्साड के एमडी राजेश जैन द्वारा चलाई गई विशाल पौधारोपण अभियान के तहत किया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूल व पार्क समिति के काफी संख्या में सदस्य, अध्यापक व महिलाओं ने भाग लेकर पौधे लगाए।

आज के इस पौधारोपण के सानिध्य महामण्डलेश्वर बाबा कपिल पुरी महाराज, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, सीएमओ डॉ रमेश चन्द, पार्षद सुरेश किराड, डॉ.



**रोहतक।** पौधारोपण करते महामण्डलेश्वर बाबा कपिल पुरी महाराज, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर,एलपीएस बोर्साड के एमडी राजेश जैन व सीएमओ डॉ रमेश चन्द। *फोटो : हरिभूमि*

अश्विनी चहल, प्राचार्या सुष्मा शर्मा, राजेश कुमार बधवार एवं सभी सदस्यों ने पौधारोपण किया। जिसमें आंवला, जामुन, पिलखम, शीशम, बालम, खीरा, पापड़ी, जुरीना, अर्जुन, लेसुआ, परास के 239 पौधे लगाए और स्कूल व पार्क के वातावरण को हरा भरा कर दिया ताकि सभी को स्वच्छ वातावरण मिल सके और आक्सीजन वाली हवा में सास ले सकें। इस अवसर पर पार्क में तेज कॉलोनी के लोग उपस्थित थे और सभी ने अपने हाथों से पौधारोपण किया। पोधों की देखरेख व पानी देने की जिम्मेवारी स्कूल के प्रिंसीपल, स्टाफ व समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने ली। एलपीएस बोसार्ड की तरफ से मुख्य अतिथियों को पौधों के गमले देकर सम्मानित किया। मनीष ग्रोवर ने कहा की हमें पेडों के बिना मनुष्य नहीं रह पाएगा हम जितने पेड़ लगाएंगे उतनी आक्सीजन मिलेगी और हमें अपने घर में पौधे जरूर लगाने चाहिए। पौधों से हमें आक्सीजन मिलती है। राजेश जैन ने कहा कि धरा पर पेड़-पौधों के बिना जीवन असंभव है यदि प्रति व्यक्ति दो-दो पौधे लगाए। उसे पेड़ बनने तक देखभाल करें तो ग्लोबल वार्मिंग का दंश झेल रहा भारतवर्ष और पूरा विश्व एक पूर्ण सुव्यस्थित पर्यावरणीय शुद्ध वातावरण व्याप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा पौधरोपण में महिलाओं को बढ़चढ़ कर आगे आना चाहिये और ज्यादा से ज्यादों शहरों में पोधे लगवाने चाहिए। इस अवसर पर सुभाष तायल, विनय गोयल, विजय खुराना, योगेश अरोड़ा, विकास दलाल, राजेश कुमार बधवार, धर्मवीर सिंह, संदीप कुमार, सुनील कुमार, अशोक कुमार, राजीव जैन, सन्नी निझावन, पवन मिश्रा, शीतल, संजय खुराना, डा. राजबीर व शहर के गणमान्य व्यक्ति रहे।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

पेशाब की समस्याओं का स्थाई इलाज
• बार-बार पेशाब आना व जलन होना।
• पेशाब की कमजोर धार या रुक-रुक कर आना।
• गुर्दे व नलकी की पथरी से पेशाब में समस्या।
• गदूद/प्रोस्टेट के ऑप्रेशन से पहले अवश्य सम्पर्क करें व ऑप्रेशन से बचें।
डॉ. एम.एस.पूनियाँ (B.H.M.S., D.N.H.E.) Jaipur
35 वर्षों का अनुभव
परामर्श नि:शुल्क (Free OPD)
समय : सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक मंगलवार व शुक्रवार को अवकाश रहेगा
कृपया आने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा दें: 85709-15000
अशोका होम्योपैथिक हॉस्पिटल
Near Bus Stand, Gali No. 3, Rishi Nagar, Hisar

SHRI BALAJI INSTITUTE OF PARA MEDICAL SCIENCE
सभी सरकारी सेवा में मान्य
• आंगनबाड़ी सुपरवाईजर / सहायक / कार्यकर्ता
• PHYSICIAN ASSISTANT
• MULTI PURPOSE HEALTH WORKER
• HEALTH SANITARY INSPECTOR
• AYURVEDIC PHARMACY (DAP)
• DENTAL HYGIENIST / MACHENIC
• C.M.S. & ED / FIRST AID
• MEDICAL LAB/ X-RAY TECH.
• OPRATION THEATORE TECH.
• OPTHALMIC ASSISTANT (DOA)
• COMMUNITY HEALTH/EMT
• FOOD SAFETY / VETERNARY INSPECTOR
• PLASTER, DRESSER, NTT, PT, CTT
• BAMS (ALT), BEMS (EH)
Dr. S.K. Saini (Director)
41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे, रोहतक-124001
9254233221


Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
Great MONSOON Sale
DISCOUNT UP TO 80%
19 JULY TO 25 JULY
ROHTAK
SAMPLA
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE 1 KG SUGAR FREE
OR
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE 1LTR FREE
UPTO 80% OFF OFF
*T & C APPLY
WHOLSALE RATE KA HYPERMARKET • Elenta का वादा बचत सबसे ज्यादा।
O'CEAN FRUIT DRINK MRP ₹60 FREE BUY 1 GET 4
FRESCA FREE BUY 1 GET 3
BUDWEISER NON ALCOHOLIC BEER FREE BUY 1 GET 2
HURRICANE ENERGY DRINK FREE BUY 1 GET 2
TENDER COCONUT WATER FREE BUY 1 GET 2
CLEAR WATER FREE BUY 1 GET 2
STORIA COCONUT WATER FREE BUY 1 GET 1
Vadilal UPTO 56 % OFF ON MRP
PATANJALI SHARBAT FREE BUY 1 GET 1
HAMDARD ROOHAFZA MRP ₹180 @ JUST 155
FIR 4 DIET SHARBAT FREE BUY 1 GET 1
YUVAUD SHARBAT FREE BUY 1 GET 1
FRESCA CLUB SODA FREE BUY 1 GET 1
DEL MONTE MIX FRUIT DRINK FREE BUY 1 GET 1
COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA @ JUST 74
REAL COCONUT WATER FREE BUY 1 GET 1
Arshirvaad atta 10kg ₹495 OUR PRICE ₹435
SAFE HARVEST ATTA 5 KG 50% OFF ON MRP
TATA TEA PREMIUM 1KG ₹580 OUR PRICE ₹365
TAJ MEHAL TEA 1 KG ₹710 OUR PRICE ₹539
DAAWAT ROZANA GOLD 5 KG ₹600 OUR PRICE ₹399
INDIA GATE FEAST ROZANA 5 KG ₹585 OUR PRICE ₹428
HALDIRAM'S ALL RANGE 12.5% OFF ON MRP
CATCH DRINK 1.25L BUY 1 GET 1 FREE
NILON'S PICKLE 1KG 50% OFF ON MRP
TOPS PICKLE 1KG SELECTED VARIANTS 50% OFF ON MRP
SATMOLA NAMKEEN BUY 1 GET 1 FREE
CATCH SPICES 25% OFF ON MRP
LOOSE PASTA MACARONI 1 KG OUR PRICE ₹60
PRO NATURE 20% OFF ON MRP
Del Monte Dates 500 gram BUY 1 GET 1 FREE
PRAAKRITIK ALL PRODUCTS 20% OFF ON MRP
WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY
CHANA DAAL 1KG OUR PRICE ₹79
MOONG DHULI 1KG OUR PRICE ₹115
KALA CHANA 1KG OUR PRICE ₹77
MALKA LAL DAAL 1KG OUR PRICE ₹84
BADAM 1KG OUR PRICE ₹819
KISMISH 1KG OUR PRICE ₹449
PATANJALI SALT BUY 1 GET 1 FREE
VRINDAWAN MAKHANA ₹400 OUR PRICE ₹325
TREEVEDA VERMICELLI, PASTA, MACRONI SELECTED VARIANTS BUY 1 GET 1 FREE
PRABHAS GHEE 1 LTR FREE! BUY 1 GET 1 FREE
GM POHA 500 GM BUY 1 GET 1 FREE
BAIL KOLHU 1LTR MRP ₹189 OUR PRICE ₹169
FORTUNE PURE MUSTARD OIL 1LTR MRP ₹190 OUR PRICE ₹172
MILK FOOD GHEE 1 LTR MRP ₹580 OUR PRICE ₹505
AMUL PURE GHEE 1 LTR MRP ₹650 OUR PRICE ₹575
Ariel Complete Detergent 4KG BUY1 GET 1 FREE
SURF EXCEL MATIC POWDER TOP LOAD 6KG ₹1199
SURF EXCEL MATIC POWDER FRONT LOAD 6KG ₹1249
Giffy Liquid Dish Wash Gel 2L 2ltr 25% OFF
TIDE JASMINE & ROSE 9 kg ₹749
WIPRO SAFE WASH 1LTR WITHOUT OFFER 1ltr BUY1 GET 2 FREE
TRISHUL PHENYLE 5 LTR 50% OFF
surf excel easy wash 7 kg MRP ₹1030 ₹685
ARIEL MATIC TOP & FRONT LOAD 5LTR ₹650
ARIEL MATIC 4KG+2KG+1L TOP LOAD MRP ₹1425 ₹230 OFF
ARIEL MATIC 4KG+2KG+1L FRONT LOAD MRP ₹1549 ₹250 OFF
HELIOS PRODUCTS SHOE CARE 25% OFF
GALA SELECTED 20% OFF
SOFTSENS BABY PRODUCTS UPTO 35% OFF
Rohtak Model Town
Address:Elenta Mart, Near Apex Hospital, Model Town, Near Kailash Ashram, Rohtak.
Contact: +91-9350999480
Rohtak Address: Elenta Tower, Near D2M Hotel, New Bus Stand Road, Rohtak.
Contact: +91-8199999480
Sampla Address: Elenta Mart, Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800
OPEN 7 DAYS A WEEK | 9AM TO 10PM . PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME
*ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart